2. वाच्य तथा वाच्य-परिवर्तन

अभ्यास-कार्य

पृष्ठ संख्या–97

उत्तर–

6. क्रिया के जिस रूप-रचना से यह जाना जाए कि क्रिया द्वारा किया गया विधान यानी कही गई बात का विषय कर्ता है, कर्म है या भाव है, उसे वाच्य कहते हैं; जैसे–

(क) मज़दूर गड्ढा खोद रहे हैं। (विषय कर्ता है।)

(ख) मज़दूर के द्वारा गड्ढा खोदा जा रहा है। (विषय कर्म है।)

(ग) गड्ढा खोदा जा रहा है। (विषय भाव है।)

7. 1. **कर्तृवाच्य तथा अकर्तृवाच्य में अंतर–**

जिन वाक्यों में वक्ता द्वारा कर्ता और कर्ता के कार्य को प्रधानता दी जाती है, वे वाक्य कर्तृवाच्य के अंतर्गत आते हैं और जिन वाक्यों में वक्ता द्वारा कर्ता और कर्ता के कार्य को निरस्त किया जाता है, उन्हें अकर्तृवाच्य कहते हैं।

2. **कर्मवाच्य तथा भाववाच्य में अंतर–**

कर्मवाच्य तथा भाववाच्य के वाक्यों में गुणों के स्तर पर कोई अंतर नहीं होता क्योंकि दोनों ही अकर्तृवाच्य के उपभेद हैं। अंतर केवल इस बात को लेकर होता है कि यदि अकर्तृवाच्य के वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है तो वह कर्मवाच्य का वाक्य होगा और यदि अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है तो भाववाच्य का।

8. **छात्र/छात्रा स्वयं करें।**

9. 1. दो तरह से, 2. कर्ता की संज्ञा, 3. कर्ता, 4. भावे, 5. निरस्त, 6. अकर्मक, 7. बीच में, 8. कर्तरि

10. 1. अकर्तृवाच्य 2. कर्तृवाच्य 3. कर्तृवाच्य 4. अकर्तृवाच्य 5. कर्तृवाच्य 6. कर्तृवाच्य 7. कर्तृवाच्य 8. अकर्तृवाच्य 9. अकर्तृवाच्य 10. अकर्तृवाच्य 11. अकर्तृवाच्य 12. कर्तृवाच्य 13.अकर्तृवाच्य 14. अकर्तृवाच्य 15. अकर्तृवाच्य

11. 1. आपके द्वारा अपना काम किया जाए।

2. भीड़ में साइकिल न चलाई जाए।

3. बुखार है तो दवाई ले ली जाए।
4. आप से झंडा फ़हराया जा सकता है।
5. पुलिस द्वारा गोली चलाई जा सकती है।
6. दवाई पी ली जाए।
7. (हमारे द्वारा) प्रार्थना की गई।
8. रोगी से लिखा नहीं जा सकता।
9. उसके द्वारा पतंग उड़ाई जा रही है।
10. मोची के द्वारा जूते बनाए जाते हैं।

12.
1. पक्षियों द्वारा आकाश में उड़ा जा रहा है।
2. मेढकों द्वारा टर्राया जा रहा है।
3. भँवरों द्वारा गुनगुनाया जा रहा है।
4. तितलियों द्वारा फूलों पर मँडराया जा रहा है।
5. बच्चे से कुर्सी पर नहीं बैठा गया।
6. उससे आज नहीं दौड़ा गया।
7. कल हम लोगों द्वारा बहुत हँसा गया।
8. इस कुरसी पर बैठा जाए।
9. यहाँ से बाहर जाया जाए।
10. उसके द्वारा क्यों रोया जा रहा है?
11. हम लोगों से सारी रात जागा जाएगा।
12. उसके द्वारा धीरे बोला जाता है।

13.
1. मीरा ने पुस्तक पढ़ी।
2. मैनेजर ने सारे रुपये गिने।
3. रोगी पानी नहीं पी रहा।
4. मैं कहानी नहीं सुनाऊँगा।
5. ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाए।
6. माली ने फूल तोड़े।
7. मैं दूध नहीं पीता।
8. डाकुओं ने लोगों को मार डाला।
9. महिलाओं ने गीत गाए।
10. नर्तकियों ने नृत्य प्रस्तुत किया।
11. वेदव्यास ने महाभारत की रचना की।
12. दादी ने कहानी सुनाई।

14.

वर्ग–क		वर्ग–ख
1.	⟶	(v)
2.	⟶	(iv)
3.	⟶	(iii)
4.	⟶	(vi)
5.	⟶	(ii)

6.	⟶	(i)

15. 1. ✓ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓ 5. ✓ 6. ✗ 7. ✓ 8. ✓ 9. ✓ 10. ✗

16. 1. मुझसे अब चला नहीं जाता।
2. रात को किसके द्वारा आपके घर आया जा रहा था?
3. तुम्हारे भाइयों द्वारा जितेंद्र के घर ठहरा जाएगा?
4. तुम्हारे भाई ने सतीश को वचन दिया था।
5. शीला द्वारा रोज़ अखबार पढ़ा जाता है।
6. बच्चे शांत नहीं रहते।
7. महात्मा गांधी ने राष्ट्र को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया।
8. मुझसे अब चला नहीं जाता।
9. अनेक श्रोताओं द्वारा कविता की प्रशंसा की गई।
10. परीक्षा के बारे में अध्यापक ने क्या कहा?
11. हमसे इतनी गर्मी में नहीं रहा जाता।
12. चलो, मिलकर कहीं घूमें।
13. आदिवासी लोगों द्वारा प्रकृति की पूजा की जाती है।
14. मैं अब जबलपुर नहीं जा सकूँगा।
15. हमसे अब मैदान में नहीं खेला जाएगा।
16. श्याम ने ही यह फर्नीचर खरीदा था।
17. सभी दर्शकों द्वारा नाटक की प्रशंसा की गई।
18. प्रेमचंद ने गोदान लिखा।
19. उससे अब भी बैठा नहीं जाता।
20. इन मच्छरों में रातभर कैसे सोएँगे।
21. बहन के द्वारा भाई को प्रेमपूर्वक राखी बाँधी गई।
22. महादेवी वर्मा ने यामा लिखी।
23. उससे खड़ा नहीं हुआ जाता।
24. माँ रातभर नहीं बैठ सकेंगी।
25. दादा जी ने हम सबको पुस्तकें दीं।
26. वह चल नहीं पाता।
27. उससे तो उठा भी नहीं जाता।
28. उसके द्वारा उछलकर डोर पकड़ ली गई।

29. मैंने समय की पाबंदी पर निबंध लिखा।
30. मेरा मित्र चल नहीं पाता।
31. उनके सामने किससे बोला जाएगा?
32. भाई साहब के द्वारा मुझे पतंग दी गई।
33. फुरसत के समय मैना के द्वारा खूब रियाज़ किया जाता है।
34. फ़ाख़्ता गीतों को सुर देते हैं।
35. बच्चों से साँस नहीं लिया जा रहा था।
36. दो-तीन पक्षी अपनी-अपनी लय में एक साथ कूद रहे थे।
37. कूजन कुंज में आस-पास के पक्षियों द्वारा अभ्यास किया जाता है।
38. श्याम सुबह-दोपहर के राग बखूबी गाता है।
39. दर्द के कारण उससे चला नहीं जाता।
40. श्यामा के गीत की तुलना बुलबुल के सुगम संगीत से की गई है।
41. मई महीने में शीला अग्रवाल को (कॉलेज वालों द्वारा) नोटिस थमा दिया गया।
42. देशभक्तों की शहादत को आज भी (लोग) याद करते हैं।
43. खबर सुनकर उससे चला भी नहीं जा रहा था।
44. जिस आदमी ने पहले-पहल आग का आविष्कार किया, वह कितना बड़ा आविष्कर्ता था।
45. क्या आपने पूरी कहानी पढ़ ली।
46. फ़ादर के द्वारा रिश्ते बनाकर तोड़ा नहीं जाता था।
47. मुझसे इस पेड़ पर चढ़ा नहीं जाता।
48. बालगोबिन भगत के द्वारा प्रभातियाँ गाई जाती थीं।
49. बीमारी के कारण उससे आया न जा सका।
50. माँ ने बचपन में ही घोषित कर दिया था।
51. हालदार साहब के द्वारा पान खाया गया।
52. गांधी जी ने विश्व को सत्य और अहिंसा का संदेश दिया।
53. खिलाड़ी से दौड़ा न जा सका।